# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 14.12.2024

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 14.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 14.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 13.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र के कनकुंआ पुलिया के पास बहद ग्राम कनकुंआ में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.रामकिशन पुत्र फूलचन्द्र अहिरवार उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम परावारी थाना महोबकंठ जिला महोबा 2.बब्लू पुत्र ज्वालीप्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रूरीकला थाना महोबकंठ जिला महोबा 3.अशोक पुत्र देवकीनन्दन उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जिला महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से मालफड़ 540 रुपये व जामातलाशी 480 रूपये कुल 1020 रूपये व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु0अ0सं0- 219/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित थाना महोबकंठ जिला महोबा
2. हे0कां0 विकासचन्द्र मिश्रा 3. कां0 अजय कोरी 4. कां0 अरूण यादव

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1.रामकिशन पुत्र फूलचन्द्र अहिरवार उम्र 43 वर्ष नि. ग्राम परावारी थाना महोबकंठ महोबा
2.बब्लू पुत्र ज्वालीप्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रूरीकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा
3.अशोक पुत्र देवकीनन्दन उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जनपद महोबा



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ की चौकी बेलाताल का औचक निरीक्षण किया गया, अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक- 14.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्र की चौकी बेलाताल का सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया गया है। इस दौरान वहां स्थापित भोजनालय/मेस, भवन, कार्यालय, आरटी सेट, बैरक, माल मुकदमाती वाहनों की स्थिति, चौकी में नियतन के सापेक्ष नियुक्त पुलिसकर्मियों की जनशक्ति से सम्बन्धित विवरण सहित चौकी में साफ-सफाई का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा चौकी परिसर में साफ-सफाई का स्तर बनाए रखने के निर्देशों के साथ ही चौकी परिसर में खडे माल मुकदमाती वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खडे कराये जाने एवं सभी वाहनों में सम्बन्धित मुकदमें का स्पष्ट अंकन कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही मुकदमाती मालों के निस्तारण के सम्बन्ध में जारी SOP के अनुसार जल्द निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे परिसर को साफ सुथरा रखा जा सके।

इसी क्रम में चौकी प्रभारी बेलाताल को शासन की मंशानुरुप अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत प्रचलित अभियानों के अनुपालन में प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गये हैं एवं अपराध नियंत्रण हेतु कस्बा क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रख उनकी गतिविधियों के आधार पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर, चौकी प्रभारी बेलाताल उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थाना पनवाड़ी में मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांकः- 14.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना पनवाड़ी में मौजूद रहकर क्षेत्र से आये हुए फरियादियों से सम्बन्धित समस्याओं की जनसुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किये जाने हेतु मौके पर मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर टीम को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं ।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रुप से अपने-अपने थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।





@MahobaPolice